

**श्री लक्ष्मीकांत दाश**
उप महानिदेशक (फिलेटली),
डाक विभाग एवं निदेशक, एसपीएमसीआईएल

श्री लक्ष्मीकांत दाश ने वर्ष 1999 में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से *अंतरराष्ट्रीय अध्ययन* में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.फिल.) प्राप्त की, जहाँ उन्होंने *दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग और उभरती भू-राजनीतिक चिंताओं* पर शोध प्रबंध पूरा किया। उन्होंने वर्ष 1997 में इसी विश्वविद्यालय से *भूगोल में स्नातकोत्तर* तथा वर्ष 1995 में उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के बी.जे.बी. कॉलेज से *भूगोल में स्नातक* की उपाधि प्राप्त की।

उन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत गाज़ियाबाद स्थित आर.ए.के.एन.पी.ए. में प्रोबेशनरी प्रशिक्षण से की। इसके बाद उन्होंनेवर्ष 2006 में नेशनल लॉ स्कूल, बेंगलुरु में *कानूनी मामलों* पर, वर्ष 2009 में ए.पी.पी.सी. बैंकॉक में *एक्सप्रेस मेल संचालन* पर तथा वर्ष 2009 और 2015 में *कार्यकारी एवं प्रबंधन विकास कार्यक्रमों* में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

श्री दाश ने वर्ष 2010 से 2012 तक तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली स्थित *केंद्रीय क्षेत्र* में निदेशक, डाक सेवाएँ के रूप में कार्य किया। इसके बाद वर्ष 2012 से 2013 तक वे *निदेशक, मेल्स एवं स्पीड पोस्ट, बेंगलुरु* रहे। तत्पश्चात वर्ष 2013 से 2017 तक उन्होंने *दक्षिण कर्नाटक क्षेत्र* में निदेशक, डाक सेवाएँ के रूप में कार्य किया। इसके बाद उन्हें *भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण* में निदेशक नियुक्त किया गया, जहाँ उन्होंने वर्ष 2017 से 2021 तक *केरल, लक्षद्वीप और पुदुच्चेरी* में आधार परियोजना के क्रियान्वयन की देखरेख की।

अगस्त 2021 से दिसंबर 2024 तक वे *बेंगलुरु मुख्यालय क्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल* रहे। इस अवधि में उन्होंने *मैसूर डाक प्रभाग में सीएसआई कार्यान्वियन* सहित कई बड़े आधुनिकीकरण परियोजनाओं का नेतृत्व किया।

दिसंबर 2024 से श्री दाश भारत सरकार के डाक विभाग में *उप महानिदेशक (अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं वैश्विक व्यवसाय)* के रूप में कार्यरत रहे। इस भूमिका में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मेल एवं पार्सल व्यवसाय, सीमा-पार लॉजिस्टिक्स तथा यूपीयू सदस्य देशों के साथ सहयोग का नेतृत्व किया। उनके कार्य में सीमा शुल्क, एयरलाइंस और बहुपक्षीय संस्थाओं के साथ बहु-विभागीय समन्वय शामिल था, जिससे भारत के डाक नेटवर्क को वैश्विक स्तर पर सुदृढ़ किया जा सके।

वर्तमान में, श्री दाश भारत सरकार के डाक विभाग में *उप महानिदेशक (फिलेटली)* के रूप में कार्यरत हैं। इस पद पर वे पूरे देश में डाक टिकट संग्रह संबंधी नीतियों, प्रशासन और प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। प्रशासन, लॉजिस्टिक्स और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में अपने व्यापक अनुभव के साथ वे डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण और अंतरराष्ट्रीयकरण में निरंतर योगदान दे रहे हैं।

उन्हें 13 अगस्त 2026 से प्रभावी रूप से *एसपीएमसीआईएल के निदेशक मंडल में डाक विभाग की ओर से अंशकालिक अंतिम-उपयोगकर्ता प्रतिनिधि* के रूप में नामित किया गया है।

*******